जेएसपीएल फाउंडेशन ने किसानों के बीच किया बीज का वितरण



भुरकुंडा। जेएसपीएल फाउंडेशन और दीदी बाडी योजना के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को पांच पंचायत के किसानों के बीच बागवानी को बढावा देने को लेकर सब्जियों के बीज का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत लबगा पंचायत के मुखिया शिव प्रसाद मुंडा ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय गेगदा में विधिवत उद्घाटन कर किया। इस अवसर पर शिव प्रसाद मुंडा ने कहा कि पोशण बाग. वानी महिलाओं में रक्तचाप और कुपोशण जैसे बीमारियों से लडने में मदद करेगी। जेएसपीएल प्लांट हेड संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि महिलाओं में स्वरोजगार को बढावा देने में कारगर साबित होगा। साथ ही उनके परिवार को पोशण की पूर्ति होगी। उन्होने बताया कि पांच पंचायत के 747 परिवारा. के बीच हरी सब्जी के बीज का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में महिलाओं को बेहतर और सरल तरीके से बागवानी करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। मौके पर बिपीन कुमार, अभिशेक कुमार, रमाक. ांत बेहेरा, अनुराग सिंह, रश्मिता दास, बीरबल बेदिया सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।